पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

**Paper Code : 11**

**Sub: General Studies**

**WEPO-32**

**प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड**
**Question Booklet No. & Barcode**

3000805

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

**समय : 3:00 घण्टे**
**Time : 3:00 Hours**

# Paper - I

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**

- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

***On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that :***

- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
10. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in **O.M.R.** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue Ball Point Pen.**
9. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the *question, the English Version will be treated as standard.*
10. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं - मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे। परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।**

1. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| (विद्रोह) | (नेता) |
|---|---|
| (1) कोल | कान्हू |
| (2) मुंडा | बिरसा |
| (3) संथाल | सिद्धू |
| (4) मोपला | अली मुसलियार |

2. "उसने सैन्य तंत्र का आधुनिकीकरण शुरू किया और सेना में एनफिल्ड राईफल की शुरुआत करवायी।" वह कौन था ?

(1) लॉर्ड डलहौजी (2) लॉर्ड हेनरी हार्डिंग

(3) लॉर्ड कैनिंग (4) लॉर्ड कर्जन

3. निम्नलिखित में से कौन महात्मा गाँधी के साथ चंपारण सत्याग्रह के दौरान संबद्ध नहीं थे ?

(1) सच्चिदानन्द सिन्हा (2) जे.बी. कृपलानी

(3) राजकुमार शुक्ला (4) राजेन्द्र प्रसाद

4. अधोलिखित घटनाओं का सही कालक्रम चुनिए :

(i) अगस्त घोषणा

(ii) मैक्डोनल्ड अवार्ड

(iii) अगस्त प्रस्ताव

(iv) वैवेल योजना

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

(2) (iii), (ii), (i) एवं (iv)

(3) (ii), (i), (iii) एवं (iv)

(4) (i), (iii), (ii) एवं (iv)

5. भील सेवा मण्डल की स्थापना किसने की थी ?

(1) गोविन्द गुरु

(2) मोतीलाल तेजावत

(3) डी.के. कर्वे

(4) ए.वी. ठक्कर

1. Which of the following is not correctly matched ?

| (Rebellion) | (Leader) |
|---|---|
| (1) Kol | – Kanhu |
| (2) Munda | – Birsa |
| (3) Santhal | – Sidhu |
| (4) Mopalah | – Ali Musaliyar |

2. "He started modernisation of military apparatus and introduced Enfield rifles in the army." Who was he ?

(1) Lord Dalhousie

(2) Lord Henry Harding

(3) Lord Canning

(4) Lord Curzon

3. Who among the following was not associated with Mahatma Gandhi during Champaran Satyagrah ?

(1) Sachidanand Sinha

(2) J.B. Kripalani

(3) Rajkumar Shukla

(4) Rajendra Prasad

4. Choose the correct chronological order of the following events :

(i) August Declaration

(ii) MacDonold Award

(iii) August Proposal

(iv) Wavell Plan

**Code :**

(1) (i), (ii), (iii) and (iv)

(2) (iii), (ii), (i) and (iv)

(3) (ii), (i), (iii) and (iv)

(4) (i), (iii), (ii) and (iv)

5. Who among the following founded the Bhil Seva Mandal ?

(1) Govind Guru

(2) Motilal Tejawat

(3) D.K. Karve

(4) A.V. Thakkar

6. राज्य पुनर्गठन आयोग ने सिफारिश की :
(1) सोलह राज्यों तथा छः केन्द्रशासित प्रदेशों के गठन की ।
(2) चौदह राज्यों तथा छः केन्द्रशासित प्रदेशों के गठन की ।
(3) चौदह राज्यों तथा सात केन्द्रशासित प्रदेशों के गठन की ।
(4) चौदह राज्यों तथा पाँच केन्द्रशासित प्रदेशों के गठन की ।

7. परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) कृष्णा मेनन
(3) होमी जे. भाभा
(4) शांति स्वरूप भटनागर

8. 1919 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा केन्द्रीय विधानसभा (लेजिस्लेटिव असेम्बली) की कुल संख्या के कितने सदस्य निर्वाचित होने का प्रावधान किया गया ?
(1) 1/3 सदस्य (2) 5/7 सदस्य
(3) 3/4 सदस्य (4) 2/3 सदस्य

9. 'पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो' का उल्लेख भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में है ?
(1) अनुच्छेद 39(क)
(2) अनुच्छेद 39(ग)
(3) अनुच्छेद 39(घ)
(4) अनुच्छेद 39(च)

10. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 क में अक्षरशः उल्लेखित मूल कर्त्तव्यों पर विचार कीजिए :
I. स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें ।
II. देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें ।
III. कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देवें ।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(1) केवल I सही है ।
(2) केवल II सही है ।
(3) केवल II तथा III सही हैं ।
(4) केवल I तथा II सही हैं ।

6. The State Reorganisation Commission recommended –
(1) Creation of Sixteen States and Six Union Territories.
(2) Creation of Fourteen States and Six Union Territories.
(3) Creation of Fourteen States and Seven Union Territories.
(4) Creation of Fourteen States and Five Union Territories.

7. Who was the first Chairman of the Atomic Energy Commission ?
(1) Jawahar Lal Nehru
(2) Krishna Menon
(3) Homi J. Bhabha
(4) Shanti Swaroop Bhatnagar

8. How many members, out of the total number of Central Legislative Assembly, were to be elected as according to the provisions of Government of India Act, 1919 ?
(1) 1/3 member (2) 5/7 member
(3) 3/4 member (4) 2/3 member

9. Which article of the Constitution of India mentions that there is equal pay for equal work for both men and women ?
(1) Article-39(a) (2) Article-39(c)
(3) Article-39(d) (4) Article-39(f)

10. Consider the fundamental duties mentioned literally in Article 51 A of the Constitution of India :
I. to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom.
II. to defend the country and render national service when called upon to do so.
III. to organize agriculture and animal husbandry.
Select the correct answer using the code :
**Code :**
(1) Only I is correct.
(2) Only II is correct.
(3) Only II and III are correct.
(4) Only I and II are correct.

11. भारत के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :

**कथन 1** : राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रि-परिषद् होगी जिसका प्रधान, प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का निर्वाह करने में ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा ।

**कथन 2** : राष्ट्रपति मंत्रि-परिषद् से ऐसी सलाह पर साधारणतया या अन्यथा पुनर्विचार करने की अपेक्षा कर सकेगा और राष्ट्रपति ऐसे पुनर्विचार के पश्चात् दी गई सलाह के अनुसार कार्य करेगा ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल कथन 1 सत्य है ।

(2) केवल कथन 2 सत्य है ।

(3) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(4) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

12. निम्नलिखित में से किसने कहा है कि – "संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो इतने शब्दों में यह निर्धारित करता है कि राष्ट्रपति अपने मंत्रि-परिषद की सलाह के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य होगा ।"

(1) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

(2) सरदार वल्लभभाई पटेल

(3) श्री के.आर. नारायणन

(4) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

13. राष्ट्रीय एकता परिषद ने सर्वप्रथम अपने उद्देश्यों की घोषणा कब की थी ?

(1) 1967 (2) 1968

(3) 1969 (4) 1970

11. Read the following statements carefully in reference to the Constitution of India :

**Statement 1 :** There shall be a Council of Ministers with the Prime Minister at the head to aid and advise the President who shall, in the exercise of his functions, act in accordance with such advice.

**Statement 2 :** President may require the Council of Ministers to reconsider such advice, either generally or otherwise, and the President shall act in accordance with the advice tendered after such reconsideration.

Select the correct option among the following :

(1) Only statement 1 is true.

(2) Only statement 2 is true.

(3) Both statements 1 and 2 are true.

(4) Both statements 1 and 2 are false.

12. Who among the following said that – "There is no provision in the Constitution which in so many words lays down that the President shall be bound to act in accordance with the advice of his Council of Ministers."

(1) Dr. Bhim Rao Ambedkar

(2) Sardar Vallabhbhai Patel

(3) Shri K.R. Narayanan

(4) Dr. Rajendra Prasad

13. When did the National Integration Council declare its objectives for the first time ?

(1) 1967

(2) 1968

(3) 1969

(4) 1970

14. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित नहीं है ?

| (वाद) | (सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय का वर्ष) |
|---|---|
| (1) अनिल यादव बनाम बिहार राज्य | – 1982 |
| (2) एस.पी. गुप्ता बनाम भारत संघ | – 2001 |
| (3) विशाखा बनाम राजस्थान राज्य | – 1997 |
| (4) ए.डी.एम. जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला | – 1976 |

15. राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपान्तरण) नियम, 2011 के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं की शक्तियों व अधिकारों के सम्बंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (I) :** ग्राम सभा के परामर्श के पश्चात ही भूमि अधिग्रहण का कार्य सरकार द्वारा किया जावेगा ।

**कथन (II) :** उधार पर धन देने, नशा नियंत्रण और अतिचारियों के संक्षिप्त निष्कासन की शक्ति को छोड़कर, कानून और व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित सभी शक्तियों का प्रयोग पंचायत समिति द्वारा किया जाएगा ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल कथन (I) सत्य है ।
(2) केवल कथन (II) सत्य है ।
(3) कथन (I) और (II) दोनों सत्य हैं ।
(4) कथन (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।

16. निम्नलिखित में से कौन से अनुच्छेद में संशोधन करने के लिए कम से कम आधे राज्यों के विधान-मंडलों के अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होती है ?

(1) अनुच्छेद – 53 (2) अनुच्छेद – 54
(3) अनुच्छेद – 55 (4) अनुच्छेद – 73

14. Which among the following is not a correctly matched pair ?

| (Case) | (Year of Judgement of Supreme Court) |
|---|---|
| (1) Anil Yadav vs. State of Bihar | – 1982 |
| (2) S.P. Gupta vs. Union of India | – 2001 |
| (3) Vishaka vs. State of Rajasthan | – 1997 |
| (4) A.D.M. Jabalpur vs. Shivkant Shukla | – 1976 |

15. According to the Rajasthan Panchayati Raj (Modification of Provisions in their Application to the Scheduled Areas) Rules, 2011, consider the following statements regarding the powers and rights of Panchayati Raj Institutions :

**Statement (I) :** The work of acquisition of land will be done by the government only after consultation with the Gram Sabha.

**Statement (II) :** Except for money lending, intoxication control and the power of summary ejectment of trespassers, all the powers related to maintaining law and order shall be exercised by the Panchayat Samiti.

Select the correct option from the following :

(1) Only statement (I) is true.
(2) Only statement (II) is true.
(3) Both statements (I) and (II) are true.
(4) Both statements (I) and (II) are false.

16. Which of the following articles does not require ratification by the legislatures of less than one-half of states to amend them ?

(1) Article – 53 (2) Article – 54
(3) Article – 55 (4) Article – 73

17. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. विधानसभा से पारित विधेयक राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है ।

II. राज्यपाल घोषित करेगा कि वह विधेयक पर अनुमति देता है या अनुमति रोक लेता है ।

III. राज्यपाल विधेयक पर अनुमति देता है या अनुमति रोक लेता है अथवा राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखता है ।

कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(1) केवल I सही है ।
(2) केवल I तथा II सही हैं ।
(3) केवल II सही है ।
(4) I, II तथा III सभी सही हैं ।

18. भारत में उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश की आयु के बारे में कोई प्रश्न उठता है तो उसका विनिश्चय कौन करता है ?

(1) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राज्यपाल द्वारा ।
(2) भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राष्ट्रपति द्वारा ।
(3) राष्ट्रपति के परामर्श से भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा ।
(4) राज्यपाल के परामर्श से भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा ।

19. किस अधिनियम द्वारा जिला कलेक्टर को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया ?

(1) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2004
(2) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005
(3) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2007
(4) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2008

17. Consider the following statements regarding Article 200 of the Constitution of India :

I. The Bill passed by the Legislative Assembly is presented to the Governor.

II. The Governor shall declare either that he assents to the Bill or that he withholds assent therefrom.

III. The Governor assents to the Bill or withholds assent or reserves it for the consideration of the President.

Select the correct answer using the code :

**Code :**

(1) Only I is correct.
(2) Only I and II are correct.
(3) Only II is correct.
(4) I, II and III are correct.

18. If any question arises as to the age of a judge of the High Court in India, who decides it ?

(1) By the Governor in consultation with the Chief Justice of the High Court.
(2) By the President in consultation with the Chief Justice of India.
(3) By the Chief Justice of India in consultation with the President.
(4) By the Chief Justice of India in consultation with the Governor.

19. By which Act the District Collector was made the Chairman of the District Disaster Management Authority ?

(1) Disaster Management Act, 2004
(2) Disaster Management Act, 2005
(3) Disaster Management Act, 2007
(4) Disaster Management Act, 2008

20. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

**कथन (I) :** राज्य मानव अधिकार आयोग, मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अन्तर्गत एक स्वशासी उच्चाधिकार प्राप्त मानव अधिकारों की निगरानी संस्था है।

**कथन (II) :** इसकी स्वायत्तता इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की पद्धति, उनके निश्चित कार्यकाल और वित्तीय स्वायत्तता में निहित है।

**कथन (III) :** एक पारंगत विधिवेत्ता को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(1) कथन (I) और (II) सत्य हैं।
(2) कथन (II) और (III) सत्य हैं।
(3) कथन (I) और (III) सत्य हैं।
(4) कथन (I), (II) और (III) सत्य हैं।

21. निम्नलिखित में से भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद नगरपालिकाओं को कर, शुल्क, पथ कर और फीसें उदगृहीत, संगृहीत और विनियोजित करने के लिए प्राधिकृत करता है ?

(1) अनुच्छेद 243 ब (2) अनुच्छेद 243 भ
(3) अनुच्छेद 243 म (4) अनुच्छेद 243 य

22. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :

**कथन 1 :** राजस्थान सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15(4) के तहत बनाया गया था।

**कथन 2 :** राजस्थान सूचना आयोग लोक सूचना अधिकारी पर प्रतिदिन 250 रुपये और अधिकतम 50,000 रुपये की शास्ति अधिरोपित कर सकता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल कथन 1 सत्य है।
(2) केवल कथन 2 सत्य है।
(3) कथन 1 और 2 सत्य हैं।
(4) कथन 1 और 2 असत्य हैं।

20. Read the following statements carefully in reference of Rajasthan State Human Rights Commission :

**Statement (I) :** The State Human Rights Commission is an autonomous high power human rights watch body which derives its authority from the Protection of Human Rights Act, 1993.

**Statement (II) :** Its autonomy lies in the method of appointment of its Chairperson and Members, their fixed tenure and the financial autonomy.

**Statement (III) :** A distinguished jurist can be appointed as Chairperson.

Select correct option among the following :

(1) Statements (I) and (II) are true.
(2) Statements (II) and (III) are true.
(3) Statements (I) and (III) are true.
(4) Statements (I), (II) and (III) are true.

21. Which of the following article of Constitution of India authorise municipalities to levy, collect and appropriate taxes, duties, tolls and fees ?

(1) Article 243W (2) Article 243X
(3) Article 243Y (4) Article 243Z

22. Read the following statements carefully :

**Statement 1 :** Rajasthan Information Commission (Management) Regulations, 2007 was framed under Section 15(4) of the Right to Information Act, 2005.

**Statement 2 :** The Rajasthan Information Commission has the authority to impose penalty of ₹ 250 per day and a maximum of ₹ 50,000 on the Public Information Officer.

Select the correct option among the following :

(1) Only statement 1 is true.
(2) Only statement 2 is true.
(3) Statements 1 and 2 are true.
(4) Statements 1 and 2 are not true.

23. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के कौन से अध्याय में राज्य मानवाधिकार आयोग संबंधी प्रावधान किए गये हैं ?

(1) अध्याय – IV (2) अध्याय – V

(3) अध्याय – VIII (4) अध्याय – VII

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अनुच्छेद 163 के अनुसार राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रि-परिषद होगी।

II. अनुच्छेद 164(1) के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा।

III. अनुच्छेद 164(1) के अनुसार मंत्री, राज्यपाल के प्रसादपर्यंत अपने पद धारण करेंगे।

कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(1) केवल I सही है।

(2) केवल II सही है।

(3) केवल I तथा III सही हैं।

(4) I, II तथा III सभी सही हैं।

25. निम्न में से क्या सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 के अनुसार लोक प्राधिकारी की बाध्यता में शामिल नहीं है ?

(1) अपने संगठन की विशिष्टयाँ, कृत्यों और कर्त्तव्यों को 120 दिन के भीतर प्रकाशित करना।

(2) प्रकाशित सूचनाओं को हर माह अद्यतन करना।

(3) सभी अभिलेखों को सम्यक रूप से सूची पत्रित करना जिससे इस अधिकार का उपयोग सुकर बने।

(4) सभी अभिलेखों का सुनिश्चित कम्प्यूटरीकरण।

23. In which chapter of the Protection of Human Rights Act, 1993, provisions related to the State Human Rights Commission have been made ?

(1) Chapter-IV (2) Chapter-V

(3) Chapter-VIII (4) Chapter-VII

24. Consider the following statements :

I. According to Article 163 there shall be Council of Ministers to aid and advice the Governor.

II. According Article 164(1) the Chief Minister shall be appointed by the Governor.

III. According Article 164(1), the Ministers shall hold office during the pleasure of the Governor.

Select the correct answer using the code.

**Code :**

(1) Only I is correct.

(2) Only II is correct.

(3) Only I and III are correct.

(4) I, II and III all are correct.

25. Which of the following is not included in the obligation of the public authority as per Section 4 of the Right to Information Act 2005 ?

(1) To publish the particulars, functions and duties of its organization within 120 days.

(2) Updating published information every month.

(3) Duly indexing all records so as to facilitate the exercise of this right.

(4) Ensure that all records are computerised.

26. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8(1) में निम्नलिखित में से किस विकल्प का उल्लेख नहीं है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी नागरिक को सूचना देने की बाध्यता नहीं होगी ?

(1) सूचना, जिसके प्रकटन से संसद या किसी राज्य के विधान-मंडल के विशेषाधिकार का भंग कारित होगा ।
(2) किसी विदेशी सरकार से विश्वास में प्राप्त सूचना ।
(3) सूचना, जिसके प्रकटन से भारत की संप्रभुता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो ।
(4) सूचना, जो राज्य के विकास की प्रक्रिया को बाधित करती हो ।

27. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

| **(भारत के संविधान का अनुच्छेद)** | **(प्रावधान)** |
| --- | --- |
| (1) 248 | – अवशिष्ट विधायी शक्तियाँ |
| (2) 250 | – यदि आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में हो तो राज्य सूची में के विषय के संबंध में विधि बनाने की संसद की शक्ति |
| (3) 252 | – दो या अधिक राज्यों के लिए उनकी सहमति से विधि बनाने की संसद की शक्ति |
| (4) 253 | – कुछ अतिरिक्त न्यायालयों की स्थापना का उपबन्ध करने की संसद की शक्ति |

28. ओजार्क पठार अवस्थित है :

(1) उत्तरी ब्राजील में (2) ग्वाटेमाला में
(3) यू.एस.ए. में (4) मैक्सिको में

29. नवम्बर 2022 में 'कॉप 27 (COP 27) – संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन' का आयोजन किस देश में किया गया था ?

(1) सऊदी अरब (2) मिस्र
(3) ईरान (4) तुर्कमेनिस्तान

26. Which of the following option is not mentioned in Section 8 (1) of the Right to Information Act 2005 which contains that there shall be no obligation to give any citizen information ?

(1) Information, disclosure of which would cause a breach of privilege of Parliament or the State Legislature.
(2) Information received in confidence from foreign Government.
(3) Information, disclosure of which would prejudicially affect the sovereignty and integrity of India.
(4) Information that hampers the process of development of the State.

27. Which of the following is not correctly paired ?

| **(Article of the Constitution of India)** | **(Provision)** |
| --- | --- |
| (1) 248 | – Residuary powers of legislation. |
| (2) 250 | – Power of Parliament to legislate with respect to any matter in the State List if a proclamation of emergency is in operation. |
| (3) 252 | – Power of Parliament to legislate for two or more states by consent. |
| (4) 253 | – Power of Parliament to provide for the establishment of certain additional courts. |

28. Ozark plateau is located in –

(1) North Brazil (2) Guatemala
(3) USA (4) Mexico

29. In which country the 'COP 27 – United Nations Climate Change Conference' was organized in November 2022 ?

(1) Saudi Arabia (2) Egypt
(3) Iran (4) Turkmenistan

30. ग्लोबल-200 संदर्भित करती है :

(1) विश्व के अत्यंत समृद्ध, दुर्लभ और सबसे विशिष्ट इको–रीजन्स/इको क्षेत्रों को ।

(2) विश्व के शीर्ष 200 हरित उद्योगों को ।

(3) विश्व की शीर्ष 200 शैक्षणिक संस्थाओं को ।

(4) विश्व के अत्यंत महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्रों को ।

31. निम्नलिखित में से कौन से दो बंदरगाह उत्तरी प्रशांत महासागरीय मार्ग से जुड़े हुए हैं ?

(1) हैलिफैक्स तथा लंदन

(2) मोण्टेविडियो तथा लिस्बॉन

(3) सैनफ्रांसिस्को तथा कोबे

(4) न्यूयॉर्क तथा लूआंडा

32. निम्नलिखित में से उस शहर की पहचान कीजिए जो विश्व प्रसिद्ध वाहन निर्माता कंपनी 'जनरल मोटर्स' (जीएम) का मुख्यालय है ।

(1) न्यूयॉर्क (2) पिट्सबर्ग

(3) डेट्रॉयट (4) बॉस्टन

33. धौलाधर शृंखला अवस्थित है :

(1) शिवालिक हिमालय में

(2) पूर्वांचल हिमालय में

(3) बृहत् हिमालय में

(4) लघु हिमालय में

34. ओडिशा में स्थित कोरापुट खदान निम्नलिखित में से किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?

(1) लौह-अयस्क (2) बॉक्साइट

(3) ताँबा (4) जस्ता

35. गोवा राज्य की जुआरी नदी में निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय जलमार्ग स्थित है ?

(1) राष्ट्रीय जलमार्ग – 10

(2) राष्ट्रीय जलमार्ग – 91

(3) राष्ट्रीय जलमार्ग – 100

(4) राष्ट्रीय जलमार्ग – 111



30. "Global-200" refers to –

(1) The richest, rarest and most distinctive eco-regions in the world.

(2) Top 200 Green Industries of the world.

(3) Top 200 Educational Institutes of the world.

(4) Most important tourist centres of the world.

31. Which of the following two ports are connected with North Pacific Ocean Route ?

(1) Halifax and London

(2) Montevideo and Lisbon

(3) San Francisco and Kobe

(4) New York and Luanda

32. Identify the city which is headquarters of the world famous automobile manufacturer company 'General Motors' (GM) from following.

(1) New York (2) Pittsburgh

(3) Detroit (4) Boston

33. Dhaula – Dhar range lies in –

(1) Shivalik Himalaya

(2) Purvanchal Himalaya

(3) Greater Himalaya

(4) Lesser Himalaya

34. The Koraput mine located in Odisha is famous for which of the following mineral ?

(1) Iron-ore (2) Bauxite

(3) Copper (4) Zinc

35. Which of the following National Waterways is located in the Zuari River of Goa state ?

(1) National Waterways – 10

(2) National Waterways – 91

(3) National Waterways – 100

(4) National Waterways – 111

36. बज-बज, समस्तीपुर तथा कटिहार केन्द्र हैं –
(1) जूट मिल के
(2) सूती वस्त्र मिल के
(3) व्हील तथा एक्सल प्लांट के
(4) रसायन उद्योग के

37. वर्ष 2016 में कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को द्वारा किस वर्ग में विश्व विरासत स्थल का दर्जा दिया गया है ?
(1) प्राकृतिक विश्व विरासत स्थल
(2) मिश्रित विश्व विरासत स्थल
(3) सांस्कृतिक विश्व विरासत स्थल
(4) ऐतिहासिक विश्व विरासत स्थल

38. औसत वार्षिक वर्षा के संदर्भ में निम्न में से कौन सा अवरोही क्रम में सुव्यवस्थित है ?
(1) भरतपुर, गंगानगर, जयपुर, जोधपुर
(2) उदयपुर, बीकानेर, पाली, जैसलमेर
(3) भरतपुर, जोधपुर, जयपुर, गंगानगर
(4) उदयपुर, पाली, बीकानेर, जैसलमेर

39. 'पक्षी गाँव' के नाम से प्रसिद्ध मेनार गाँव राजस्थान के किस जिले में स्थित है ?
(1) उदयपुर (2) जोधपुर
(3) भरतपुर (4) झालावाड़

40. सिद्धमुख परियोजना किस नदी से जल प्राप्त करती है ?
(1) जाखम (2) नर्मदा
(3) रावी तथा व्यास (4) पार्वती

41. निम्नलिखित में से कौन सी रॉक फॉस्फेट की प्रसिद्ध खान है ?
(1) झामर-कोटरा (2) नट की नेरी
(3) सलुम्बर (4) बीदासर

42. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में एक लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले कितने शहर और नगर थे ?
(1) 22 (2) 26
(3) 30 (4) 32

36. Budge-Budge, Samastipur and Katihar are centres of
(1) Jute mills
(2) Cotton textile mills
(3) Wheel and Axle plant
(4) Chemical industry

37. The Khangchendzonga National Park has been given the status of World Heritage Site by UNESCO in which category in the year 2016 ?
(1) Natural World Heritage Site
(2) Mixed World Heritage Site
(3) Cultural World Heritage Site
(4) Historical World Heritage Site

38. Which of the following is correctly arranged in descending order in terms of average annual rainfall ?
(1) Bharatpur, Ganganagar, Jaipur, Jodhpur
(2) Udaipur, Bikaner, Pali, Jaisalmer
(3) Bharatpur, Jodhpur, Jaipur, Ganganagar
(4) Udaipur, Pali, Bikaner, Jaisalmer

39. In which district of Rajasthan Menar village is located, which is popularly known as 'Bird Village' ?
(1) Udaipur (2) Jodhpur
(3) Bharatpur (4) Jhalawar

40. Siddhmukh project gets its water from river
(1) Jakham (2) Narmada
(3) Ravi and Beas (4) Parvati

41. Which of the following is a famous mine of rock phosphate ?
(1) Jhamar-Kotra (2) Nat ki Neri
(3) Salumber (4) Bidasar

42. As per Census 2011, how many cities and towns were there in Rajasthan with population one lakh and above ?
(1) 22 (2) 26
(3) 30 (4) 32


11

43. आनुपातिक कराधान के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) यह समानतापूर्वक नहीं होता है ।

(2) यह प्रगतिशील कर की तुलना में कम लोचदार होता है ।

(3) इसका सम्पत्ति वितरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है ।

(4) यह व्यक्ति की कर देय-क्षमता पर आधारित है ।

44. निम्न में से कौन सा राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है ?

(1) बजट

(2) कर

(3) सार्वजनिक खर्च

(4) साख की उपलब्धता

45. "मुद्रास्फीति में मुद्रा की अत्यधिक मात्रा बहुत कम वस्तुओं का पीछा करती है ।" यह परिभाषा किसने प्रतिपादित की ?

(1) हॉट्रे (2) कूलबर्न

(3) एमिली जोन्स (4) गार्डनर एकले

46. एन.एस.ओ. के 2021-22 के प्रथम अग्रिम अनुमानों के आधार पर भारत में सकल मूल्य वृद्धि में सेवा क्षेत्र का अंश प्रतिशत में था –

(1) 28.2 (2) 53.0

(3) 50.0 (4) 38.2

47. निम्न में से कौन सा कोविड 19 के दौरान असुविधा को कम करने हेतु खाद्य सुरक्षा से सम्बन्धित सरकारी प्रावधान है ?

(1) उज्ज्वला योजना

(2) पी.एम. – किसान

(3) महिला जन-धन खाताधारी को नकद ट्रान्सफर

(4) पालनहार योजना

43. Which of the following statement is not correct regarding proportional taxation ?

(1) It is not equitable.

(2) It is less elastic as compared to progressive taxes.

(3) It has adverse effect on distribution of wealth.

(4) It is in accordance to a person's ability to pay.

44. Which of the following is not an instrument of fiscal policy ?

(1) Budget

(2) Tax

(3) Public Expenditure

(4) Credit Availability

45. Who gave the definition, "Inflation is too much money chasing too few goods." ?

(1) Hawtrey

(2) Coulbourn

(3) Emily Jones

(4) Gardner Ackley

46. As per NSO first advance estimates of 2021-22 in India the share of services in Gross value added in percent was

(1) 28.2 (2) 53.0

(3) 50.0 (4) 38.2

47. Which of the following is a government food security measure adopted to prevent distress during COVID-19 ?

(1) Ujjawala Yojana

(2) PM-KISAN

(3) Cash transfer to Women Jan – Dhan Account Holders

(4) Palanhar Yojana

48. राजस्थान की अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

(A) वर्ष 2001 से 2011 के बीच शहरी क्षेत्रों के लिंगानुपात में 24 महिला प्रति 1000 पुरुष के बराबर सुधार आया ।

(B) 1961 से 2011 के बीच साक्षरता दर में लगातार वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (A) एवं (B) दोनों सत्य हैं ।

(2) (A) एवं (B) दोनों गलत हैं ।

(3) केवल (A) सत्य है ।

(4) केवल (B) सत्य है ।

49. भारत सरकार ने 1 अप्रैल, 2020 को किसकी सहायता से अटल भू-जल स्कीम चालू की ?

(1) एशियन विकास बैंक

(2) आई.एम.एफ.

(3) विश्व बैंक

(4) मीगा

50. निम्न चालू कीमतों पर 2021-22 में राजस्थान के सकल राज्य मूल्यवर्धन (जी.एस.वी.ए.) में कृषि क्षेत्र के विभिन्न उप-क्षेत्रों के अंशों को सही सुमेलित कीजिए :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | फसल | i. | 0.37 प्रतिशत |
| B. | पशुधन | ii. | 7.44 प्रतिशत |
| C. | वानिकी | iii. | 45.94 प्रतिशत |
| D. | मत्स्य | iv. | 46.25 प्रतिशत |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | iii | i | ii |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | iii | iv | ii | i |

48. Consider the following statements about Rajasthan Economy :

(A) The sex-ratio in urban region has improved by 24 females per thousand males between year 2001 to 2011.

(B) The literacy rate has continuously witnessed an upward trend from 1961 to 2011.

Choose the correct option :

(1) Both (A) and (B) are true.

(2) Both (A) and (B) are false.

(3) Only (A) is true.

(4) Only (B) is true.

49. Atal Bhu Jal Scheme was launched on 1st April, 2020 by Government of India with the assistance of

(1) Asian Development Bank

(2) IMF

(3) World Bank

(4) MIGA

50. Match the following correctly with regards to the share of various sub-sectors of agriculture in Rajasthan's Gross State Value Added (GSVA) in year 2021-22 at current prices :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| A. | Crops | i. | 0.37% |
| B. | Livestock | ii. | 7.44% |
| C. | Forestry and Logging | iii. | 45.94% |
| D. | Fishing | iv. | 46.25% |

Select the correct option :

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | iii | i | ii |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | iii | iv | ii | i |

51. 2020-21 वित्तीय वर्ष के दौरान राजस्थान में इंजीनियरिंग वस्तुओं, कपड़ा, हस्तशिल्प, धातुओं और रासायनिक एवं सम्बद्ध का राज्य से होने वाले निर्यात में कितना प्रतिशत योगदान रहा ?
(1) 40 प्रतिशत से कम
(2) 50 प्रतिशत से कम
(3) 50 प्रतिशत से ज्यादा
(4) 60 प्रतिशत से ज्यादा

52. 2021-22 के अग्रिम अनुमान (2011-12 के स्थिर मूल्यों पर) के अनुसार सेवा क्षेत्र के किस उप–क्षेत्र का राजस्थान के सकल राज्य मूल्यवर्धन (जी.एस.वी.ए.) में योगदान अधिकतम रहा ?
(1) स्थावर सम्पदा, आवासीय गृहों का स्वामित्व तथा पेशेवर सेवाएँ
(2) व्यापार, होटल तथा जलपान गृह
(3) वित्तीय सेवाएँ
(4) परिवहन, भण्डारण, संचार

53. मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
(A) पेंशन का सम्पूर्ण भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।
(B) 75 वर्ष या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए पेंशन की दर ₹ 750 प्रति माह है।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।
(2) (A) एवं (B) दोनों गलत हैं।
(3) केवल (A) सही है।
(4) केवल (B) सही है।

54. राजस्थान की पालनहार योजना की पात्रता हेतु कौन सी शर्त सही नहीं है ?
(1) कुछ शर्तों के अधीन पुनर्विवाहित विधवा के बच्चे पात्र हैं।
(2) पात्र बच्चे की अधिकतम आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।
(3) पालनहार एवं बच्चे आवेदन की तिथि से कम से कम 2 वर्ष की अवधि से राजस्थान राज्य में रह रहे हों।
(4) पालनहार परिवार की वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

51. During financial year 2020-21 in Rajasthan engineering goods, textiles, handicrafts, metal & chemicals and allied accounted for what percent of exports from the state ?
(1) less than 40 percent
(2) less than 50 percent
(3) more than 50 percent
(4) more than 60 percent

52. As per 2021-22 (AE) at 2011-12 constant prices, the contribution of which of the following sub-sectors of service sector in Gross State Value Added (GSVA) of Rajasthan is the highest ?
(1) Real estate, ownership of dwellings & professional services
(2) Trade, hotels & restaurants
(3) Financial services
(4) Transport, storage, communication

53. Consider the following statements regarding Mukhyamantri Vridhjan Samman Pension Yojana :
(A) The whole burden of pension is borne by the state government
(B) The rate of pension for person aged 75 years or above is ₹ 750 per month.
Choose the correct option :
(1) Both (A) & (B) are true.
(2) Both (A) & (B) are false.
(3) Only (A) is true.
(4) Only (B) is true.

54. Which of the following is not true regarding eligibility for Palanhar Yojana of Rajasthan ?
(1) Children of remarried widow are eligible under certain conditions.
(2) The eligible child should not be more than 18 years of age.
(3) Palanhar and children should be staying in Rajasthan for two years from date of application.
(4) The annual income of Palanhar family should not be more than 1.20 lakhs.

55. आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार भारत के कच्चे तेल के कुल उत्पादन में राजस्थान का योगदान कितना प्रतिशत है ?

(1) लगभग 33 प्रतिशत
(2) लगभग 20 प्रतिशत
(3) लगभग 10 प्रतिशत
(4) लगभग 30 प्रतिशत

56. भारत सरकार द्वारा लागू दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत निःशक्तता की श्रेणियाँ बढ़ाकर कितनी कर दी गई है ?

(1) 19 (2) 20
(3) 21 (4) 22

57. राजस्थान इन्दिरा गाँधी मातृत्व पोषण योजना के सम्बन्ध में निम्न में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) यह दूसरी बार गर्भवती होने वाली महिलाओं पर लागू होती है ।
(2) इसके तहत प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा एवं उदयपुर जिले सम्मिलित हैं ।
(3) इस योजना में ₹ 5,000, 5 चरणों में सीधे लाभार्थियों के खाते में स्थानान्तरित किए जाएँगे ।
(4) यह योजना महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन आई.सी.डी.एस. के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है ।

58. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :

**कथन 1 :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) की स्थापना 1986 में अपराध और अपराधियों पर सूचना के भंडार के रूप में कार्य करने के लिए की गई थी ताकि अपराधियों को अपराध से जोड़ने में जाँचकर्ताओं की सहायता की जा सके ।

**कथन 2 :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट 2021 के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिक चोरी के मामले दर्ज किए गए (1,98,133 मामले) और उसके बाद जयपुर (7,860 मामले) का स्थान रहा ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल कथन 1 सत्य है ।
(2) केवल कथन 2 सत्य है ।
(3) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।
(4) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं ।

55. What is the percent contribution of Rajasthan state to the total crude oil production of the country as per Economic Review 2021-22 ?

